दैनिक

# उत्तराखण्ड प्रहरी

वर्ष 15 / अंक 25 / पृष्ठ 8

हरिद्वार, शनिवार, 25 मार्च 2023

uttarakhandprahari19@gmail.com

उत्तराखण्ड का सबसे विश्वसनीय मीडिया पार्टनर

RNI No. : - UTTHIN/2009/27592




या देवी सर्वभूतेषु माँ कूष्माण्डा रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।'

किस्सा अमृतपाल का

जन भावनाओं का सम्मान तथा जनता का हित ...

मूल्य- 2 रु.

# भेल की भूमि पर एडवरटाइजिंग पोल लगाने को लेकर फिर हुआ विवाद, लगाया बड़ा नोटिस

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

शिवालिक नगर पालिका और भेल का विवाद अब और भी गहराता जा रहा है। अभी हाल ही में बिजली चोरी के मामला थमा नहीं और अतिक्रमण मामले को लेकर भेल प्रबंधन और ज्यादा सख्त और नाराज दिखाई दे रहा है। लेकिन तमाम तामझाम के बाबजूद भी भेल प्रशासन अब तक शिवालिक नगर पालिका के खिलाफ कुछ नही कर पा रहा है। केवल चेतावनी के बोर्ड और नोटिस देने के अलावा भेल प्रबंधन कार्यवाही के नाम पर कुछ कर पाने में असमर्थ साबित हो रहा है।

आज भेल की जमीन पर लगे अवैध एडवरटाइजिंग पोल को लेकर भेल प्रशासन ने कुछ फ्लेक्सी बोर्ड द्वारा नोटिस लगाकर 26 मार्च तक अवैध यूनीपोल को हटाने का आग्रह लगाने वाले व्यक्ति/संस्था से किया है। उन्होंने अपने नोटिस बोर्ड में लिखा है कि




'यह टौस स्ट्रक्चर/ यूनीपोल/ होल्डिंग डीएचएल की भूमि पर अवैध अतिक्रमण है इस स्ट्रक्चर को लगाने वाले व्यक्ति/ संस्था को एतद् द्वारा अंतिम नोटिस के रूप में सूचना है। कि संबंधित व्यक्ति संस्था इस स्ट्रक्चर को अपने खर्चे पर 26.03.2023 तक अवश्य हटालें अन्यथा बीएचएल संपदा विभाग द्वारा उक्त स्ट्रक्चर/ यूनीपोल/ होल्डिंग को लगाने वाले के खर्च पर हटा दिया जाएगा।'

**आदेश**
**नगर प्रशासक**
**बीएचएल हरिद्वार**

**भेल प्रबंधन ने माना कि हमारी जमीन पर शिवालिक नगर पालिका ने अवैध कब्जा**

**भेल प्रबंधन ने पोल हटाने को लेकर दिया 3 दिन का अल्टीमेटम**

उत्तराखंड प्रहरी द्वारा अपको बता दें कि कुछ माह पूर्व भी भेल प्रशासन द्वारा यह नोटिस लगाने की कार्यवाही की गई थी। क्योंकि यूनिपोल शिवालिक नगर पालिका द्वारा लगवाए गए थे। जिसका किराया शिवालिक नगर पालिका अपनी संपत्ति बताकर लेता रहा है। जिस पर भेल प्रशासन लगातार विरोध दर्ज करता चला आ रहा है। किंतु कार्यवाही के नाम पर अब तक कुछ नहीं हो पाया है।

तब भी मामला नोटिस जारी करने के बाद ठंडे बस्ते में चला गया था और अब भी नोटिस जारी कर कार्यवाही के नाम पर इतिश्री होती दिखाई दे रही है। जबकि इस मामले को लेकर आपके प्रिय सामाचार पत्र उत्तराखंड प्रहरी द्वारा जब भेल प्रशासन से उसका पक्ष जानना चाहा और संपर्क करने का प्रयास किया गया तो वह सवालों के जवाब से बचते नजर आए। और कई आधिकारियों ने फ़ोन तक नहीं उठाया। भेल की इस कार्यशैली से स्थनीय लोगों में भी रोष व्याप्त है उनका कहना है कि आम आदमी के उपर भेल प्रशासन तुरंत कार्यवाही करता है और उक्त मामले पर कार्यवाही से बचता नजर आ रहा है।

# सरकार ने 2.70 लाख टीबी मरीजों को लिया गोद, 70 फीसदी हुये स्वस्थ : योगी

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में तपेदिक रोग पर प्रभावी नियंत्रण का दावा करते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में दो लाख 70 हजार टीबी मरीजों को सरकारी स्तर पर गोद लेने का काम हुआ है, जिसमें से 70 प्रतिशत मरीज आज रोगमुक्त होकर स्वस्थ जीवन जी रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में श्री योगी ने यहां रूद्राक्ष कंवेशन सेंटर में वर्ल्ड टीबी समिट को संबोधित करते हुये श्री योगी ने कहा कि टीबी रोगियों को पोषण सहायता के लिए प्रदेश सरकार की ओर से डीबीटी के माध्यम से अबतक 422 करोड़ का भुगतान किया गया है। हम यूपी की 25 करोड़ की आबादी को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले छह साल में पीएम मोदी के मार्गदर्शन में सभी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ उत्तर प्रदेश में लागू किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश 2025 तक प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। भारत की आबादी के सबसे बड़े राज्य यूपी में कभी देश के 21 फीसदी टीबी रोगी पाए जाते थे। विगत पांच वर्ष में यूपी में 16 लाख 90 हजार टीबी रोगियों को पोषण सहायता के माध्यम से 422 करोड़ का भुगतान डीबीटी के माध्यम से उपलब्ध कराया गया है।

**लोक सभा से राहुल गांधी की सदस्या समाप्त करने पर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन**



# राहुल गांधी से घबरा गई भाजपा सरकार: रवि बहादुर

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की लोक सभा से सदस्यता समाप्ति पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया। चंद्राचार्य चौक पर विभाष मिश्रा के नेतृत्व में प्रदर्शन के दौरान विधायक रवि बहादुर ने कहा कि बीजेपी सरकार राहुल गांधी से डर गई। उनके द्वारा सरकार के खिलाफ जो मुद्दे उठाए जा रहे उससे मोदी सरकार घबरा गई। उनकी सदस्यता समाप्ति करना सरकार की हताशा दर्शा रही।

ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी ने कहा कि देश में हिटलर शाही चल रही जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त कर सरकार क्या जताना चाहती है। कोई भी सरकार के खिलाफ आवाज उठाएगा तो उसके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कर सदस्यता समाप्त कर दी जाती है। इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष कैश खुराना, मेयर प्रतिनिधि अशोक शर्मा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी, पूर्व राज्यमंत्री डा संजय पालीवाल, राजबीर सिंह चौहान, महानगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, नितिन तेश्वर, तुषार कपिल, शुभम जोशी, निखिल सौदाई, महरूफ सलमानी, सुनील कुमार, हरद्वारी लाल, विमला पांडे, मुरली मनोहर, दिनेश पुंडीर, एजाज अली, तरुण व्यास, दीपक कोरी, बृजमोहन बड़थ्वाल आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

# राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी की संसद की सदस्यता समाप्त कर दी गई है। सूरत कोर्ट ने कल ही उन्हें दो साल की सजा सुनाई थी। लोकसभा सचिवालय की तरफ से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। बता दें कि मानहानि के मामले में सूरत की अदालत ने गुरुवार को ही राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाई थी। राहुल गांधी पर 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान मोदी सरनेम को लेकर विवादित टिप्पणी का आरोप लगा था। जिसके खिलाफ राहुल के खिलाफ गुजरात भाजपा के विधायक पूर्णेश

**मोदी सरनेम पर टिप्पणी मामला**



मोदी ने मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था। लोकसभा सचिवालय की तरफ से इस बारे में सात पंक्तियों की एक अधिसूचना जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि सूरत के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत की तरफ से दोषी करार दिए जाने के बाद केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य किया जाता है। यह अयोग्यता उन पर दोष साबित होने के दिन यानी 23 मार्च 2023 से लागू रहेगी। यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 102 (1) (e) के प्रावधानों और जनप्रतिनिधित्व कानून 1951 की धारा आठ के तहत लिया गया है। यह अधिसूचना लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह के नाम से जारी हुई है।

## इलेक्ट्रिक बस: स्टाफ को आठ माह से नहीं मिला मानदेय



**अलीगढ़।** अलीगढ़ महानगर में संचालित इलेक्ट्रिक बस सेवा पर तैनात स्टाफ को पिछले करीब आठ माह से मानदेय नहीं मिला है, इससे उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। शहर में पिछले करीब एक साल से इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है। इन बसों पर परिचालकों की एक निजी कंपनी के जरिए संविदा पर तैनाती की गई है। जिन्हें प्रति किलोमीटर के हिसाब से मानदेय दिया जाता है।

## आवश्यक सूचना

'उत्तराखंड प्रहरी' के सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि आप अपने प्रिय अखबार 'उत्तराखंड प्रहरी' महाभियान में शामिल हो सकते हैं। आप अपने द्वारा लिखी गई कोई भी संरचना, कविता, कहानी, लेख या कार्यक्रम हमसे साझा कर सकते हैं। अच्छे लेख व कहानी को 'उत्तराखंड प्रहरी' में उचित स्थान दिया जाएगा। आप अपने प्रियजनों को जन्मदिन, सालगिरह या अन्य शुभ अवसरों पर बधाई संदेश भी दे सकते हैं।

आप हमें ईमेल

uttarakhandprahari19@gmail.com या whatsup no 8077771906 पर भी भेज सकते हैं।

# संपादकीय

## लगा पोस्टर, निकली सियासत

राजधानी दिल्ली की दीवारों पर अचानक कुछ पोस्टर चिपका दिए गए-'मोदी हटाओ, देश बचाओ।' यह कोई देश-विरोध का नारा नहीं है और न ही चुनावी मौसम में अप्रत्याशित माना जा सकता है। भारतीय लोकतंत्र में ऐसे नारों और पोस्टरों की परंपरा नेहरू-कालखंड से रही है। 1962 में भारत-चीन युद्ध जारी था, लेकिन तब विपक्षी जनसंघ ने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के खिलाफ नारों और पोस्टरों का अभियान छेड़ा था। आपातकाल के दौरान जयप्रकाश नारायण ने यह भी नारा दिया था-'इंदिरा हटाओ, देश बचाओ।' उस दौर में पोस्टर ही नहीं छापे गए, बल्कि काली स्याही से दीवारों पर भी नारे लिखे गए। भारतीय राजनीति में और भी उदाहरण होंगे, लेकिन दिल्ली में प्रधानमंत्री-विरोधी पोस्टर नजर आए, तो पुलिस ने करीब 140 प्राथमिकियां दर्ज कर लीं और 30 से अधिक लोगों को गिरफ्तार भी किया। यह सिलसिला अभी जारी है। यकीनन प्राथमिकी के संदर्भ में ये आंकड़े अभूतपूर्व हैं, क्योंकि पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराना टेढ़ी खीर है। पहले और अब की राजनीति में फर्क इतना ही है कि 2009 में एक कानून बनाया गया था। उसके मुताबिक, किसी भी पोस्टर पर प्रिंटिंग प्रेस और प्रकाशक का नाम छापना अनिवार्य है और पोस्टरों की संख्या सार्वजनिक करना भी लाजिमी है। ऐसा नहीं करना 'अपराध' माना जाता है। कुछ घंटों तक यह रहस्य बना रहा कि प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ पोस्टर-अभियान किसने छेड़ा है? लेकिन 'आम आदमी पार्टी' (आप) के दफ्तर से पोस्टरों से भरी एक वैन निकल रही थी, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। बाद में 'आप' के कुछ मंत्रीनुमा नेताओं ने भी कबूल किया कि पोस्टर 'आप' ने ही छपवाए हैं। यह प्रधानमंत्री का विरोध-अभियान है, क्योंकि उन्होंने देश को ठगा है और अपने वायदे पूरे नहीं किए हैं।

'आप' ने यह मौका जानबूझ कर चुना है, क्योंकि पोस्टर कांड के अगले ही दिन 23 मार्च को भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव सरीखे क्रांतिकारियों का 'शहीदी दिवस' था। इस मौके पर दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान समेत 'आप' के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने 'जंतर-मंतर' पर विरोध-प्रदर्शन भी किया। बहरहाल पोस्टरकांड से दो बुनियादी सवाल उभरते हैं कि क्या प्रधानमंत्री मोदी वाकई तानाशाह, कायर, मनोरोगी हैं, जैसा कि 'आप' के नेता बयान दे रहे हैं? दूसरे, क्या पोस्टरबाजी के जरिए चुनाव जीता जा सकता है और 2024 का आम चुनाव 'मोदी बनाम केजरीवाल' होगा? दरअसल हम 'आप' की राजनीति से सहमत नहीं हैं, क्योंकि देश के प्रधानमंत्री के लिए इस्तेमाल की गई भाषा 'लोकतांत्रिक' नहीं है। दूसरे, 'मोदी बनाम केजरीवाल' का चुनावी समीकरण भी 'हास्यास्पद' है। लोकसभा में 'आप' का एक भी सांसद नहीं है।

2019 के आम चुनाव में 'आप' ने कुल 35 उम्मीदवार उतारे थे। उनमें से सिर्फ एक सीट पर भगवंत मान जीत पाए थे। उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद उस सीट पर उपचुनाव हुआ, जिसमें 'आप' हार गई। उसके अलावा उप्र, गोवा, उत्तराखंड, मणिपुर, गुजरात, हिमाचल, नागालैंड, मेघालय आदि राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए, जिनमें अधिकांश सीटों पर 'आप' प्रत्याशी की जमानत ही जब्त हो गई। 'आप' ने पंजाब में प्रचंड जनादेश जरूर हासिल किया है। उसी के आधार पर लोकसभा चुनाव का आकलन नहीं किया जा सकता।

# किस्सा अमृतपाल का

कुलदीप चंद अग्निहोत्री





हैरत की बात यह है कि आम आदमी पार्टी की सरकार मूसेवाला की निर्मम हत्या के बाद भी गैंगस्टरों पर काबू नहीं पा सकी। उसके पिता ने सार्वजनिक रूप से नाम लेकर कुछ लोगों के नाम लिए लेकिन सरकार के कानों पर जूं नहीं रेंगी। सरकार के इस व्यवहार से आम आदमी पार्टी पर ही इस मामले को लेकर शक की सुई घूमने लगी कि कहीं यह पार्टी इस हत्या का किसी न किसी प्रकार से राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश तो नहीं कर रही? सरकार की इस अकर्मण्यता से दुखी बलकौर सिंह से अमृतपाल सिंह के लोगों ने भी यदि सम्पर्क कर लिया हो तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। सिद्धू मूसेवाला की बरसी पर उसके माता-पिता की बातों से यही लगता था कि सरकार यदि कुछ नहीं करती तो वे कहां जाएं? इतिहास गवाह है कि ऐसे मौके पर गैंग आशा बंधाने चले जाते हैं। लेकिन इस प्रश्न का उत्तर तो भगवंत सिंह मान को देना ही होगा कि क्या पुलिस में से ही किसी ने अमृतपाल सिंह को चलाने वालों को पुलिस के अभियान की ख़बर दे दी थी? फिलहाल जांच-पड़ताल के बाद इस पूरे षड्यंत्र की जितनी परतें खुलती जा रही हैं, उससे इतना तो पता चलता ही है कि पंजाब में इस अभियान का आधार नहीं है

अमृतपाल सिंह के किस्से का पटाक्षेप अभी तक नहीं हुआ है। यानी वह अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। कहा जा रहा है कि पुलिस उसे ढूंढ रही है। इसमें तो कोई संशय नहीं कि देर-सवेर वह पकड़ में आ ही जाएगा। कहा जा रहा है कि अमृतपाल सिंह जिस समय दुबई में वाहन चलाने का काम कर रहा था तभी वह विदेशी एजेंसियों की पकड़ में आ गया था। अमृतपाल सिंह के व्यवहार, चाल-ढाल और भाषा से अन्दाज़ा लगाया जा सकता है कि विदेशी एजेंसियों ने उसे प्रशिक्षित करने में काफी समय खपाया है। लेकिन एक प्रश्न सहज ही उठाया जा सकता है कि कुछ लोग प्रश्न करते हैं कि यदि यह काम विदेशी एजेंसियों का ही होता तो वे कनाडा-अमेरिका से किसी अच्छे पढ़े लिखे व्यक्ति पर दांव लगातीं। दरअसल पंजाब में इन विदेशी एजेंसियों ने पंजाब में जिस काम को अंजाम देना है, उसके लिए ग्रामीण पृष्ठभूमि का कोई अर्ध शिक्षित रस्टिक व्यक्तित्व का व्यक्ति ही उपयोगी हो सकता है। उस ढांचे में अमृतपाल सिंह ही फिट बैठ सकता था। इस आन्दोलन में विदेशी एजेंसियां चाहती हैं कि उन द्वारा निर्माण किए गए हीरो के पीछे गांव के उस युवा को जोडन्ना है जो एडवेंचरिजम से जल्दी प्रभावित हो जाता हो। अच्छी तरह प्रशिक्षित अमृतपाल सिंह ही इसके लिए सर्वाधिक उपयुक्त हो सकता था। लेकिन असली प्रश्न यह है कि जब कुछ विदेशी एजेंसियां इस सारे अभियान में लगी हुईं थीं, उस समय इसकी भनक हमारी एजेंसियों को क्यों नहीं लगी? आखिर यह सारा प्रशिक्षण और रणनीति कुछ महीनों में तो बनी नहीं होगी। एक बात और आश्चर्यचकित करती है कि अमृतपाल सिंह को कवरिंग फायर प्रदान करने के लिए बुद्धिजीवियों का एक पूरा गिरोह योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहा था। अमृतपाल सिंह के भाषणों की तार्किक व्याख्या कर उसे अकादमिक रूप में पेश करना उसी गिरोह का काम था जो उसने बखूबी निभाया और निभा रहा है। इस बार अमृतपाल सिंह और उसको पंजाब के मैदान में उतारने वाले लोगों ने इस बात का ध्यान रखा कि सारा खेल जन कल्याण के नाम पर खेला जाए। यही कारण है कि अभियान नशा मुक्ति केन्द्रों के आवरण में ही छेड़ा गया। इन केन्द्रों को धार्मिक स्थानों से संचालित किया गया। लेकिन समय रहते अमृतपाल सिंह ने अपने सारे अभियान का बाटम लाईन खुद ही स्पष्ट कर दी थी कि मैं अपने आप को भारतीय नागरिक नहीं मानता हूं। उसका आभामंडल स्थापित करने के लिए सार्वजनिक रूप से हथियारों का प्रदर्शन करते हुए, एक जत्था निरंतर साथ चलता रहता था। इससे आम जनता में यह भ्रम फैलता है कि सरकार स्वयं ही इस नए समूह से भयभीत रहती है। सरकार के इस रवैए से नौकरशाही संकेत ग्रहण करती है। इसका उदाहरण तो सामने है ही। पंजाब के मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री के आचरण और भाषा से संकेत लेते हुए प्रधानमंत्री की सुरक्षा से ही समझौता कर लिया था। जो नौकरशाही अपने स्वार्थ के लिए प्रधानमंत्री की सुरक्षा से खिलवाड़ कर सकती है, उसके लिए आम पंजाबियों की सुरक्षा भला क्या मायना रखती होगी। जो लोग अमृतपाल सिंह को आगे करके सारा खेल खेल रहे थे, उनकी रणनीति में एक ऐसा पत्ता भी था जिसके चलते 'चित्त भी मेरी और पट भी मेरी' वाला मामला बनता था।

उत्तराखंड प्रहरी

कविता



## मां आखिर मां...

मां आखिर मां होती है
सहकर कष्ट जीवन देने वाली,
खून से अपने जीवन सींचने वाली।
रोते बच्चों के आंसू पोंछने वाली,
सदा बच्चों का भला सोचने वाली।।
मां आखिर मां होती है......

सहारा हर कदम पर बनने वाली,
हर बात बिना कहे समझने वाली।
कला जीवन जीने की सिखाने वाली,
निवाला अपने हिस्से का भी खिलाने वाली।।

मां आखिर मां होती है......
राह विपदा-उलझनों में दिखाने वाली,
गलतियों को भी नजर अंदाज करने वाली।
पुकारने पर सबसे पहले दौड़ी आने वाली,
वंदनीय,आदरणीय और पूजनीय मां होती।।
मां आखिर मां होती है।

सचिन बेदी अधिवक्ता, हरिद्वार

# खेल सामान की खरीद में पारदर्शिता बरतें

भूपिंदर सिंह

खेलों में आज उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए खेल उपकरणों से लेकर कृत्रिम प्ले फील्ड तक में काफी सुधार किया जा रहा है। अच्छे खेल परिणामों के लिए खेल सामान की क्वालिटी का योगदान भी बहुत महत्वपूर्ण है, मगर खेल सामान की खरीददारी में बहुत बड़ा गोलमाल है। खेलों की बुनियादी जरूरत से जुड़े विषय पर पहले भी कई बार इस कॉलम के माध्यम से सचेत करवाया जा चुका है, मगर अभी तक इसमें कोई भी सुधार नहीं हो पाया है। हिमाचल प्रदेश के जिला युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के कार्यालयों व शिक्षा संस्थानों में हर वर्ष करोड़ों रुपए का खेल सामान जैम व अन्य माध्यमों से खेल विभाग व शिक्षा निदेशालय खरीद कर आगे देता है जो बेहद निम्न दर्जे का होता है। इस कॉलम के माध्यम से बार बार सरकार को सचेत किया जा रहा है कि इस खरीद पर लगाम लगा कर अच्छी क्वालिटी का खेल सामान प्रदेश के विद्यार्थी खिलाडियों को मिले ताकि हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आज खेलों का स्तर बहुत ही ऊपर उठ चुका है। उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर खिलाड़ी पूरे विश्व में अपने देश का डंका बजा रहे हैं। इस अद्भुत खेल प्रदर्शन के लिए उच्च स्तरीय प्रशिक्षकों व प्रतिभाशाली खिलाडियों के साथ-साथ उनके पास स्तरीय खेल किट व उच्च तकनीकी के खेल उपकरणों का होना भी बहुत ही जरूरी होता है। चिकित्सा क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की बीमारियों को ठीक करने के लिए आज प्रौद्योगिकी का सहारा लेकर कई प्रकार के उपकरण विकसित हो चुके हैं, ठीक उसी प्रकार खेल जगत में भी आज के अति मानवीय खेल परिणामों में विकसित प्रौद्योगिकी का सहारा लेकर बनाई गई आधुनिक खेल सामग्री का विशेष योगदान है। जैसे-जैसे सभ्यता का विकास हो रहा है, हम स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे हैं। इंसान को फिट रहने के लिए किसी न किसी खेल का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में जब लाखों नहीं करोड़ों खेलेंगे तो उसके लिए खेल उपकरण भी चाहिए। पूरे विश्व में खेल बहुत बड़ा उद्योग बन कर उभरे हैं। हमारे देश में आज खेल उपकरणों का उद्योग अरबों रुपये का कारोबार हर वर्ष कर रहा है। खेल किट व खेल उपकरणों के बाजार में अच्छे से अच्छा व घटिया से घटिया सामान उपलब्ध है। जब सरकारी स्तर पर खेल सामान खरीदा जाता है तो कीमत बढिया या मध्यम स्तर के सामान की होगी और सामग्री निम्न दर्जे की होगी। इस तरह मूल्य उच्च क्वालिटी का तय कर शेष राशि हड़प ली जाती है। व्यापारी व सामग्री खरीदने वाले अधिकारी मिलकर अधिकांश राशि को चट कर जाते हैं। प्रदेश के महाविद्यालयों में जहां अधिकतर खेल सामग्री महाविद्यालय प्रशासन स्वयं खरीदता है, वहीं पर कुछ खेल सामान पहले शिक्षा निदेशालय मटीरियल्स एण्ड सप्लाई के अंतर्गत खरीद कर महाविद्यालय को दिया जाता था और अब जैम के माध्यम से खरीदा जा रहा है। मटीरियल्स एण्ड सप्लाई के अंतर्गत खरीदा गया खेल सामान बिल्कुल घटिया किस्म का मिलता रहा है। निम्न दर्जे के हाई जम्प व कबड्डी मैट, मुक्केबाजी रिंग व अन्य खेलों के घटिया उपकरण इसके उदाहरण आज भी देखे जा सकते हैं। इस स्कीम के अंतर्गत खरीदे जिम्म एक साल तो दूर, कुछ महीनों बाद ही कबाड़ हो जाते हैं। लाखों रुपये का खेल सामान तो खरीद लिया, मगर यह कोई नहीं सोचता है कि यह काम में भी लाया जा सकता है या नहीं। ये खेल सामान खरीदने के लिए बनी कमेटी में निदेशालय के अधिकारी व बाबू होते हैं जिन्होंने अपनी जिंदगी में शायद ही कोई खेल खेला हो और जो थोड़ा बहुत खेल खेले हैं और खेल सामान की परख भी रखते हैं वे भी अपने थोड़े लाभ के लिए आंखें बंद कर लेते हैं।

वैद्यानिक सूचना
उत्तराखंड प्रहरी के संपादन में हम प्रयासरत है कि हमारी ओर से खबर में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि न हो। हमारी कोशिश है कि अखबार में छपी किसी खबर, रिपोर्ट, फीचर या लेख से व्यक्ति विशेष, संगठन या समुदाय की भावना को ठोस न पहुंचे। उत्तराखंड प्रहरी में प्रकाशित लेख, विश्लेषण और साभार, ली गई सामग्री के विचार संबंधित लेखकों और रचनाकारों के निजी विचार हैं, न कि अखबार के। अतः सभी पाठकों से आग्रह है कि वे किसी सूचना, समाचार, विज्ञापनों आदि के आधार पर कोई फैसला करने से पहले तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। उसके लिए किसी भी प्रकार से लेखक, संपादक, प्रकाशक, प्रिंटर या विक्रेता को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। तथा किसी भी कारोबारी और निज निर्णय के लिए उत्तराखंड प्रहरी जिम्मेवार नहीं होगा।

# जन भावनाओं का सम्मान तथा जनता का हित हमारे लिए सर्वोपरि है : सीएम धामी

**प्रदेश के विकास हेतु हमारी नीति और नीयत है स्पष्ट :मुख्यमंत्री**

**रायपुर विधानसभा क्षेत्र के सुनियोजित विकास के लिये बनाया जायेगा मास्टर प्लान**





उततराखंड प्रहरी ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को शिव जूनियर हाई स्कूल थेवा, मालदेवता, देहरादून में वर्तमान सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित बहुउद्देशीय शिविर एवं जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की महान जनता ने इतिहास में पहली बार किसी सरकार को दोबारा सत्ता में लाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जन भावनाओं का सम्मान तथा जनता का हित हमारे लिए सर्वोपरि है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विकास हेतु हमारी नीति और नीयत, दिशा और लक्ष्य स्पष्ट है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का भी अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रायपुर विधानसभा क्षेत्र के सुनियोजित विकास के लिये मास्टर प्लान तैयार किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मालदेवता क्षेत्र के विकास के लिए अनेक घोषणाएं की। जिसमे रायपुर विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत रायपुर शाखा, विद्युत वितरण खण्ड के अन्तर्गत बैंक कालोनी से एल०आई०सी० बिल्डिंग तक 33 के०वी० हाइटेन्शन लाईन को भूमिगत करने, रायपुर विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत मुख्य सड़कों के किनारे सिचाई विभाग की गुलों को भूमिगत करने, रायपुर विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत वार्ड सं0-50 राजीव नगर के अन्तर्गत देवाचंल विहार में सीवर लाईन बिछवाये जाने, रायपुर विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत रायपुर-मालदेवता रोड पर बह रहे चश्मे (प्राकतिक स्त्रोत) मिंयावाला में इण्टर कालेज व गन्ना सेन्टर के समीप भूमि पर तथा दुल्हनी नदी के पुल के निकट सिचांई विभाग की भूमि पर पर्यटन केन्द्र / वाटर पार्क के रूप में विकसित करने, क्षेत्र के विभिन्न पार्कों का सौन्दर्यीकरण किये जाने, पुलिया नं0 6 के समीप सिंचाई विभाग की भूमि पर वाटर पार्क का निर्माण, ग्राम पंचायत द्रोण द्वारा के मजरा कुण्ड घराट से बघर तक सड़क निर्माण कार्य अस्थाई खण्ड, लोक निर्माण विभाग, ऋषिकेश द्वारा किये जाने, खैरीमानसिंह में बाल्दी नदी के किनारे ग्रामसभा की भूमि पर खेल मैदान विकसित किया जाना शामिल है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि एक साल पूर्व उत्तराखंड के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ा था जब पहली बार कोई सरकार चुनावों के बाद पुनः सत्ता में आई। यह जनता के आशीर्वाद एवं प्रेम से संभव हो सका। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में राज्य के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्य पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री का उत्तराखण्ड से कर्म और मर्म का संबंध है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में पिछले 8 वर्षों में प्रदेश को 1.50 लाख करोड़ की योजनाओं की सौगात मिली है। केदारनाथ पुननिर्माण, बद्रीनाथ सौंदर्यीकरण, चारधाम सड़क परियोजना से प्रदेश में सुनियोजित विकास की राज प्रशस्त हुई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने सख्त नकल विरोधी कानून , समान नागरिक आचार संहिता का मसौदा तैयार, जबरन धर्मांतरण पर रोक के लिये कानून बनाया। साथ ही आंदोलनकारियों व उनके आश्रितों को सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण, अंत्योदय परिवारों को तीन मुफ्त गैस के सिलेंडर, प्रदेश की महिलाओं के लिये क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था को लागू करने एवं नई शिक्षा नीति और नई खेल नीति लागू करने का कार्य भी हमारी सरकार ने किया है। उन्होंने कहा जिन कार्यों को पूर्व की सरकारें इच्छा शक्ति न होने के कारण असंभव कहती थीं, उन कार्यों को धामी सरकार ने संभव करके दिखाया है। उन्होंने कहा हमारे लिए प्रदेश और प्रदेश के हित सर्वोपरि है और जब तक हमारी सरकार है हम किसी भी वर्ग का अहित नहीं होने देंगे। हमारा लक्ष्य तय है और हमें अपने उन लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति को सुनिश्चित करना है। इस दौरान विधायक उमेश शर्मा काऊ, जिलाधिकारी सोनिका, विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने बालिकाओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर



उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** पुलिस ने कनखल और जगजीतपुर में स्थित स्कूलों में महिला सुरक्षा से जुड़े ऐप गौरी शक्ति के बारे में छात्राओं और महिला शिक्षिकाओं को जागरूक किया इसके साथ ही उन्हें आत्मरक्षा के गुर सिखाए। पुलिस मुख्यालय उत्तराखण्ड की ओर से चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जगजीतपुर की छात्राओं को महिला सुरक्षा के बारे में जागरूक कराया गया। कनखल पुलिस के अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार कपिल ने किया। थाना कनखल से महिला उपनिरीक्षक सोनल रावत, उप निरीक्षक अंशुल अग्रवाल, महिला कांस्टेबल पूनम सौरियाल, शक्ति सेल्फ डिफेंस से महिला कांस्टेबल शोभा, रितु, सुष्मिता, शशि बाला, मंजीता ने स्कूल में लड़कियो को आत्म सुरक्षा तकनीकों से परिचित कराया। लड़कियों को महिला सुरक्षा से जुड़े ऐप 'गौरा शक्ति' के बारे में भी जागरूक किया। जिससे पुलिस बच्चों और महिलाओं को सुरक्षा प्रदान कर सके। सभी छात्रों और शिक्षकों को अपने मोबाइल में 'उत्तराखंड पुलिस ऐप' डाउनलोड करने के लिए भी कहा गया। कार्यक्रम में 250 छात्राओं एवं 50 शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। दिशा पटपटिया, श्रीया कपूर, मान्या बत्रा, संघमित्रा त्यागी एवं अन्य छात्राओं ने अपने सवाल भी किए। जिनका जवाब देकर उन्हें संतुष्ट किया गया। आद्या बिष्ट, अक्षिता गोयल, रिद्धि गर्ग ने प्रसन्न्ता का अनुभव साझा किया।

## नहीं मिली IIT रुड़की की सर्वे रिपोर्ट

**रुड़की।** आईआईटी रुड़की की तकनीकी जांच रिपोर्ट न मिलने से हेलंग-मारवाड़ी बाईपास का निर्माण शुरू नहीं हो पाया है। शासन को अभी तक रिपोर्ट भी नहीं मिली है। रिपोर्ट मिलने के बाद सरकार निर्णय लेगी कि हेलंग बाईपास का निर्माण कार्य जारी रहेगा या नहीं। सामरिक और बदरीनाथ यात्रा की दृष्टि से महत्वपूर्ण माने जा रहे बाईपास का काम जोशीमठ भू-धंसाव की घटना के बाद से ठप पड़ा है।

# नगर निकाय और लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाए सभी: शशांक रावत

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत नियुक्ति के बाद पहुंचे हरकी पैड़ी, गंगा पूजन कर आरती में हुए शामिल**





**हरिद्वार।** भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत ने नियुक्ति होने के बाद जिलाध्यक्ष विक्रम भुल्लर के नेतृत्व में हरकी पौड़ी पर गंगा पूजन एवं आरती में शामिल होकर देश में अमन शांति और प्रदेश के विकास के लिए प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने वीआईपी घाट पर जनपद के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर नगर निकाय और लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया।


हरकी पैड़ी पर गंगा पूजन और आरती में शामिल होकर भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत ने कहा कि अब प्रदेश में नगर निकाय के चुनाव नजदीक है, चुनाव में सभी के प्रयास से अधिक से अधिक सीटें जितवाकर अपनी ताकत का एहसास कराना होगा। नगर निकाय चुनाव के बाद लोकसभा के चुनाव में जुटना होगा। दोनों ही चुनाव में भाजपा की केंद्र सरकार की नीतियों को लेकर जनता के बीच जाना होगा। कार्यक्रम से पूर्व वीआईपी घाट पर भाजयुमो के जिलाध्यक्ष विक्रम भुल्लर ने नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत हुआ। विक्रम ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार चुनावों की तैयारियों में जुट जाएंगे। सभी ने गंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम और महामंत्री तन्मय वशिष्ट से मुलाकात की। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष रावत, प्रदेश मंत्री दीपांशु विद्यार्थी प्रदेश प्रवक्ता मोहित राष्ट्रवादी और मयंक पंत प्रदेश कोषाध्यक्ष नीरज पंत, रुड़की ज़िलाध्यक्ष गौरव कौशिक व मण्डल अध्यक्ष अंकुश भाटिया, तुशांक भट्ट, कपिल बालियान, पवन पंत, अश्वनी चौहान, शिवम्‌चौहान, कुलदीप सैनी, दीपक रावत, दीपांशु शर्मा, अभिनव चौहान, सौरभ, चेतन, विनीत, अभय चौधरी, अमन चौहान, अभिषेक चौधरी , शिवानंदन चौहान, संदीप प्रधान, विनीत सैनी, सतविंदर सिंह, अभिषेक चौधरी आदि शामिल हुए।

# मुख्यमंत्री धामी ने खिलाड़ियों को खेल रत्न और प्रशिक्षकों को द्रोणाचार्य अवार्ड से किया सम्मानित



**देहरादून** । उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को खिलाड़ियों को खेल रत्न (Khel Ratna) और प्रशिक्षकों को द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित किया। इसके साथ ही वर्ष 2021 और 2022 के राष्ट्रीय स्तर के 168 पदक विजेता खिलाड़ियों एवं 42 प्रशिक्षकों को नकद पुरस्कार से भी सम्मानित किया। इसके लिए खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को 2.08 करोड़ की धनराशि वितरित गई। बता दें कि आज उत्तराखंड के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए खेल विभाग ने देहरादून परेड ग्राउंड में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वर्ष 2019-20, 2020-21 और 2021-22 तक के देवभूमि उत्तराखंड खेल रत्न पुरस्कार, देवभूमि उत्तराखंड द्रोणाचार्य पुरस्कार, लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार में राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों एवं उनके प्रशिक्षक शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में आए सभी खिलाड़ियों को देवभूमि उत्तराखंड खेल रत्न पुरस्कार और देवभूमि उत्तराखंड द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड के युवा खिलाड़ी राष्ट्रीय एंव अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर एवं पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। जब कोई खिलाड़ी अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर खेल रहा होता है, तो पूरे देश की भावनाएं उससे जुड़ी होती हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए हर सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य में ''मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना'' प्रारंभ की गई है। प्रत्येक जिले के 150 बालक और 150 बालिकाओं अर्थात प्रदेश के कुल 3900 उभरते खिलाड़ियों को खेल छात्रवृत्ति दी जा रही है। सरकारी नौकरियों में खेल कोटे को भी पुनः प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। नई खेल नीति में खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयास किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक नए भारत, शक्तिशाली भारत और समृद्धशाली भारत का निर्माण हो रहा है। खेलों के क्षेत्र में भी भारत का मान सम्मान बढ़ रहा है, दुनिया में कहीं भी खेल का मैदान हो, आज भारत का तिरंगा शान से लहराता हुआ दिखता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई नई पहलें प्रारंभ की हैं। खेलो इंडिया कार्यक्रम इसी सोच का एक सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। सीएम धामी ने कहा कि आज देश में खेल प्रतिभाओं को हर स्तर पर बढ़ावा दिया जा रहा है और उन्हें बेहतर से बेहतर ट्रेनिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। जब हम अपना लक्ष्य निर्धारित करते हैं और उस पर आगे बढ़ते हैं, तो सफलता अवश्य मिलती है।



## फेरूपुर में रास्ता बना तालाब, ग्रामीण झेल रहे परेशानी

गौरव कुमार,उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार**। हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के फेरूपुर में स्थित निर्भय फार्म हाउस के सामने वाली गली में पिछले काफी लंबे समय से सार्वजनिक रास्ता तालाब के रूप में तब्दील हो रखा है। रास्ते पर भरे गंदे पानी के बीच से ही ग्रामीणों को होकर गुजरना पड़ रहा है। दिलचस्प बात यह है कि जिस जगह पर पानी भरा है। इसके पास में ही हरिद्वार ग्रामीण की विधायक अनुपमा रावत का भी आवास बना हुआ है। लेकिन इस तरफ किसी का ध्यान नहीं है। जिससे ग्रामीणों में रोज बना हुआ है ग्रामीण जल्द ही इस मामले में विधायक को एक ज्ञापन भी सौंपेंगे। हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में फेरूपुर स्थित निर्भय फार्म हाउस के सामने वाली गली के बाहर कई महीनों से गंदा पानी भरा पड़ा है। जिसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने कई बार पूर्व विधायक और ग्राम प्रधान से भी शिकायत की। लेकिन कोई भी नतीजा शून्य ही रहा। स्थानीय ग्रामीण विनोद सैनी, लोकेश सैनी, आलोक सैनी, गौरव सैनी, अशोक कुमार, विनीत सैनी, योगेंद्र आदि का कहना है कि पिछले कई महीने से सार्वजनिक रास्ता तालाब के रूप में तब्दील हो रखा है। दुर्गंध के कारण बुरा हाल हो रहा है। मक्खी-मच्छरों के पनपने से संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना हुआ है। लेकिन इस समस्या का हाल कोई करने को तैयार नहीं है। इस मामले में विधायक और ग्राम प्रधान से भी शिकायत की गई।

## 10 लीटर कच्ची शराब के साथ दबोचा शराब तस्कर



**बरामदगी**

10 ली0 कच्ची शराब

**पुलिस टीम**

1- कानि0 हरिओम
2- हो0गा0 रवीन्द्र कुमार

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो


**हरिद्वार**। उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो, मुख्यमंत्री उत्तराखंड के 'ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025' अभियान को सार्थक बनाने हेतु एसएसपी हरिद्वार द्वारा दिए गए कड़े दिशा निर्देशों के क्रम में पुलिस टीम द्वारा शहीदवाला से अभियुक्त सोमपाल को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ दबोचा गया।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त**

सोमपाल पुत्र रामपाल निवासी शहीदवाला ग्रन्ट, बुग्गावाला हरिद्वार

## स्वामी दर्षनानन्द इंस्टिट्यूट ऑफ मैंनेजमेंट एण्ड टैक्नोलॉजी में जॉब ओरिएंटेड ट्रेंनिंग प्रोग्राम का अयोजन

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो





**हरिद्वार**। स्वामी दर्षनानन्द इंस्टिट्यूट ऑफ मैंनेजमेंट एण्ड टैक्नोलॉजी कॉलेज हरिद्वार के पॉलिटेक्निक विभाग मे सिविल ब्रांच के लिए जॉब ओरिएंटेड ट्रेंनिंग प्रोग्राम का आयोजन अचीवर कैड द्वारा किया गया ।जिसमें छात्रों को सिविल ब्रांच में प्रयोग होने वाले यंत्र रिबाउंड हैमर का फील्ड डेमोंसट्रेशन करवाया गया। जिसमें छात्रों ने तकनीकी जानकारी ग्रहण की ।उसके बाद छात्रों को पीपीटी माध्यम से कंस्ट्रक्शन मैपिंग का वीडियो विजुअल दिखाया गया। जिसमें संस्थान के शिक्षक उमेश चंद्र ,आयुष धीमान, प्रशांत कुमार और छात्रों में आयुष ,नैंसी , तेजस्वी, आस मोहम्मद अभिनव आदि उपस्थित रहे। संस्थान के निदेशक जयलक्ष्मी द्वारा बताया गया कि उद्योगों और कंस्ट्रक्शन वर्क में नवीन टेक्नोलॉजी का प्रयोग होने के कारण भविष्य में छात्रों के लिए इस प्रकार के आयोजन किए जाते रहेंगे।

## देवभूमि के पूर्व-सैनिक 09 अप्रैल को मनाएंगे वार्षिकोत्सव

**हरिद्वार। उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो।** देवभूमि पूर्व-सैनिक कल्याण समिति, हरिद्वार द्वारा दिनांक 09 अप्रैल, 2023 को वार्षिकोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में समिति की बैठक आयोजित की गई।



बैठक में समिति के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सकलानी ने कहा कि वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन ऋषिकुल आयुर्वेदिक महाविद्यालय के सभागार में सुबह 10 बजे से 03 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम में द्वितीय विश्व युद्ध में भाग लेने वाले वीर सैनिकों की वीर नारियों तथा वरिष्ठ पूर्व-सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा। समिति के सचिव विजय शंकर चौबे ने समिति के सभी सदस्यों को सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अनुरोध किया। बैठक में कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया। इस दौरान योगेंद्र पुरोहित, ब्रह्म स्वरूप शर्मा, प्रकाश चंद्र भट्ट, प्रवेंद्र कुमार, ओम प्रकाश थापा, दुर्ग बहादुर थापा, जगमोहन सजवाण, भैरव दत्त नैनवाल, डॉ. ए के गुप्ता, नंदन सिंह कठायत, शिव नंदन, मनोज भट्ट, मुकेश कुमार चंदोलिया आदि उपस्थित थे।

## सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में विशेष भूमिका निभाएगी सनातन परिषद

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**हरिद्वार**। पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी में अखिल भारतीय सनातन परिषद का गठन किया गया है। निरंजनी अखाड़ा स्थित परिषद के केंद्रीय कार्यालय में उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं संयोजक की घोषणा अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने की है। अखिल भारतीय सनातन परिषद के संस्थापक अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने संस्था का प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा को नियुक्त किया है। प्रदेश संयोजक पद पर डॉ विशाल गर्ग को नियुक्त किया है। प्रदेश कार्यकारिणी में सचिव विशाल राठौर, कानूनी सलाहकार अनिल शर्मा एडवोकेट को बनाया गया है। अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अविक्षित रमन, अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री पुरुषोत्तम शर्मा, मनोज मंत्री, प्रमोद गिरी और सदस्य उपस्थित रहे। इस मौके पर श्रीमहंत रवींद्रपुरी ने कहा कि अखिल भारतीय सनातन परिषद सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी इससे सनातन धर्म के प्रति और मजबूती बनेगी। उन्होंने कहा कि परिषद का कार्य सनातन धर्म को आगे बढ़ाना और सनातन प्रेमियों को एकजुट करना है। उन्होंने कहा कि परिषद के नवनियुक्त पदाधिकारी सनातन धर्म के प्रचार प्रसार कर भारतीय संस्कृति को बढ़ाने का कार्य करेंगे।

**अखिल भारतीय सनातन परिषद के दिनेश शर्मा बने प्रदेश अध्यक्ष**

**पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी में अखिल भारतीय सनातन परिषद का गठन कर नियुक्त किए गए पदाधिकारी**

# आईफोन 14 पर बंपर ऑफर, 35 हजार से कम में खरीदें



**नई दिल्ली** । नया स्मार्टफोन खरीदने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो आईफोन 14 या आईफोन 14 प्लस खरीद सकते हैं। इन दोनों ही मॉडल्स पर आकर्षक ऑफर मिल रहा है, लेकिन ये ऑफर फ्लिपकार्ट या अमेजन पर नहीं है, बल्कि इसका फायदा ऐपल ऑथराइज्ड स्टोर यूनीकॉम पर मिलेगा। ऐपल ने इन दोनों स्मार्टफोन्स को पिछले साल सितंबर में लॉन्च किया था। आईफोन 14 की कीमत 79,990 रुपए से शुरू होती है, जो इसके 128जीबी स्टोरेज वेरिएंट का दाम है। यूनीकॉम स्टोर पर आपको बैंक डिस्काउंट के साथ एक्सचेंज ऑफर भी मिल रहा है। आइए जानते हैं इस डील की डिटेल्स। ऐपल ने इस स्मार्टफोन को 79,990 रुपए की शुरुआती कीमत पर लॉन्च किया है।

आप इस हैंडसेट को लगभग 34 हजार रुपए तक की कीमत पर खरीद सकते हैं। यूनीकॉम स्टोर पर आपको 10 हजार रुपए का इंस्टैंट डिस्काउंट मिल रहा है, जिसके बाद हैंडसेट की कीमत 69, 990 रुपए हो जाती है। आपको 4000 रुपए का डिस्काउंट एचडीएफसी बैंक कार्ड पर मिल रहा है। इसके अलावा 6 हजार रुपए का एक्सचेंज बोनस पुराने फोन को एक्सचेंज करने पर मिलेगा। इसके अलावा यूजर्स 25 हजार रुपए तक की एक्सचेंज वैल्यू का भी फायदा उठा सकते हैं। यानी आपको कुल 45 हजार रुपए तक का डिस्काउंट मिलेगा। इस तरह से आप अपना फोन 34, 990 रुपए में खरीद सकते हैं। फीचर्स की बात करें तो आईफोन 14 में 6.1 इंच का सुपर रेटिना एक्सडीआर ओएलईडी पैनल मिलता है, जो थिन बेजल के साथ आता है। इसमें आपको फेस आईडी की सुविधा दी गई है।

## Honda न्यू सिटी और न्यू सिटी E-HEV भारत में लांच



**चंडीगढ़** । प्रीमियम कारों की प्रमुख निर्माता कंपनी होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड, ने न्यू सिटी (पेट्रोल) और न्यू सिटी ई:एचईवी को भारतीय बाजार में लांच कर दिया है। इन कारों का एक्सटीरियर स्पोर्टी स्टाइल का है, कार के केबिन में यात्रियों की सुरक्षा में बढ़ोतरी, कनेक्टिविटी और सुविधाओं के लिए ढेर सारे फीचर जोड़े गए हैं। कार के ये दोनों मॉडल ई5 फ्यूल पर बीएस-6 आरडीई कॉम्प्लाएंट और ई20 मैटेरियल कॉम्पैटिबल हैं। कंपनी के चंडीगढ़ में न्यू होंडा सिटी के लांच पर होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड के सेल्स एंड मार्केटिंग वाइज प्रेसिडेंट कुणाल बहल ने बताया कि होंडा सिटी हमारे बिजनेस का सबसे मजबूत स्तंभ है। इन कारों ने भारत में मिड-साइज सेडान सेग्मेंट को नए सिरे से पारिभाषित किया है और अपने 25 साल के गौरवशाली सफर में बहुत कामयाबी हासिल की है। उन्होंने कहा कि भारत मॉडल के लिए एक प्रमुख मार्केट है, इसलिए हम नए स्पोर्टी लुक, अत्याधुनिक सुरक्षा, कनेक्टिविटी और सुविधा के लिए तमाम नए फीचर्स से लैस न्यू होंडा सिटी को लांच कर काफी उत्साहित है। उन्होंने आगे बताया कि होंडा न्यू सिटी के पेट्रोल लाइन-अप में होंडा सेंसिग एप्लिकेशन का विस्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में कंपनी की ओर से हर साल कार का एक नया मॉडल लांच किया जाएगा।




# 6जी की तैयारी शुरू! स्पीड होगी तेज

**नई दिल्ली** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत 6जी विजन डॉक्यूमेंट्स पेश कर दिए हैं। भले ही अभी 4 जीऔर 5जी नेटवर्क को लेकर यूजर्स तमाम शिकायत कर रहे हों, लेकिन देश ने 6जी की तैयारी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन एरिया ऑफिस और इनोवेशन सेंटर का उद्घाटन के लिए पहुंचे थे। उन्होंने 6जी विजन डॉक्यूमेंट्स के साथ 6जी रिसर्च एंड डेवलपमेंट टेस्ट बेड भी लॉन्च किया है। इसके साथ ही उन्होंने इस डिकेड को भारत का टैक एड बताया है। इसके साथ सवाल आता है कि 6जी टेस्ट बेड का फायदा क्या है। दरअसलए 6जी टेस्ट बेड की मदद से इंडस्ट्री, एकेडमिक इंस्टीट्यूट्स और दूसरे प्लेटफॉर्म्स आने वाली टेक्नोलॉजी यानी विकसित हो रही टेक्नोलॉजी को टेस्ट कर सकेंगे। 6जी टेस्ट बेड देश को इनोवेशन इनेबल करने में मदद करेगा। 5जी के मुकाबले 6जी की स्पीड निश्चित तौर पर बढ़ेगी। लेकिन 6ळ का मतलब सिर्फ इतना ही नहीं है। ये नेक्स्ट जनरेशन कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी होगी। आपको फास्ट इंटरनेट के साथ बेहतर कनेक्टिविटी भी मिलेगी। हालांकि ये टेक्नोलॉजी अभी शुरुआती फेज में है। सवाल आता है कि स्पीड बढ़ेगी, तो कितनी। 5जी पर मैक्सिमम स्पीड 10जीबीपीएस तक हासिल की जा सकती है, जबकि 6जी नेटवर्क पर ये 1ज्इचे तक होगीण् यानी 6जी पर आपको 5जी के मुकाबले 100 गुना ज्यादा स्पीड मिलेगी। इस स्पीड का मतलब है कि आप बहुत सारा कंटेंट चुटकियों में डाउनलोड कर सकते हैं। नेटफलिक्स पर बेस्ट क्वालिटी कंटेंट देखने के लिए 56जी डेटा प्रति घंटे चाहिए होता है।




## बुड्ढा मल ज्वेलर्स पालमपुर को इंटरनेशनल फेम अवार्ड

**पालमपुर** । प्रदेश के टॉप ज्वेलर्स में अपना नाम दर्ज करा चुके पालमपुर के सुप्रसिद्ध बुड्ढा मल ज्वेलर्स पालमपुर का डंका न सिर्फ हिमाचल बल्कि पुरे एशिया में बज रहा है, जिसके चलते लगतार दूसरी बार उन्हें 18 मार्च को दिल्ली में आयोजित इंटरनेशनल फेम अवार्ड 2023 में बेस्ट ज्वेलरी शोरूम इन हिमाचल प्रदेश का अवार्ड फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा द्वारा दिया गया। उन्होंने बताया कि जानी-मानी अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा से अवार्ड मिलने पर मुझे बहुत गर्व महसूस हुआ। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में देशों की कई जानी-मानी हस्तियों ने भाग लिया था, जिनको उनकी इंडस्ट्री के हिसाब से अवार्ड दिए गए बारी बेस्ट जेवेलर्स की आयी तो हमें यह आवार्ड मिला जिससे मैं और मेरा पूरा परिवार बेहद खुश है। एमडी करवाल ने बताया कि पिछले वर्ष 2022 के मार्च में आयोजित हुए एशियन एक्सेलेन्स अवार्ड 2022 में उन्हें बेस्ट ज्वेलरी शोरूम इन हिमाचल का अवार्ड माधुरी दीक्षित द्वारा दिया गया था। उन्होंने कहा कि जब पहली बार बुड्ढा मिल ज्वेलर्स को यह अवार्ड मिला था।

# अमेजॉन ने की प्रोपेल स्टार्टअप एक्सलरेटर सीजन 3 की घोषणा

**नई दिल्ली** । ऑनलाइन मार्केट प्लेस अमेजॉन इंडिया ने आज अमेजॉन ग्लोबल सेलिंग प्रोपेल स्आर्टअप एक्सेलेरेटर (प्रोपेल सीजन 3) के लॉन्च की घोषणा की। कंपनी ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि यह अभियान उभरते हुए भारतीय ब्रांड एवं स्टार्टअप को पूरी दुनिया के ग्राहकों तक पहुंचने के लिए सहयोग देने के लिए डिजाइन किया गया है। प्रोपेल सीजन 3 50 डी2सी स्टार्टअप को अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में लॉन्च होने और भारत से ग्लोबल ब्रांड बनाने में मदद करेगा। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को 15 लाख डॉलर से ज्यादा मूल्य के पुरस्कार जीतने का मौका देगा, जिसमें एडब्लूएस एक्टिवेट क्रेडिट, एड्स क्रेडिट और लॉजिस्टिक्स एवं एक साल के लिए अकाउंट मैनेजमेंट सपोर्ट शामिल हैं। विजेताओं को 100,000 डॉलर की ईक्विटी फ्री ग्रांट मिलेगी। एमेज़ॉन प्रतिभागी स्टार्टअप को राजस्व पर आधारित फाईनेंसिंग फर्म्स, जैसे क्लब और वैलोसिटी से जोड़ेगा, जो प्रतिभागी स्टार्टअप को अपने व्यवसाय का विस्तार करने के लिए क्योरेटेड ऑफर प्रदान करेंगी।

इस कार्यक्रम के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया आज से शुरू हो चुकी है, और 23 अप्रैल, 2023 तक जारी रहेगी। इसका समापन एक डेमो-डे के साथ होगा, जिसमें प्रतिभागियों को अपने व्यवसाय के प्रस्तावों को अग्रणी वीसी फर्म्स के समक्ष रखने का मौका मिलेगा, और वो अपने ऑपरेशन बढ़ाने के लिए फंड प्राप्त कर पाएंगे। प्रोपेल सीज़न 3 के तहत, अमेज़ॉन ने एक मेंटरशिप बोर्ड का गठन किया है।

जिसमें भारत एवं विश्व से अमेज़ॉन लीडर्स, वीसी पार्टनर्स एवं उद्योग के वरिष्ठ लीडर्स शामिल हैं, जो विकसित होते हुए ब्रांड्स के साथ संलग्न होकर उन्हें टेलर्ड संसाधन, एक एक मेंटरशिप एवं वैश्विक मांग के पैटर्न पर कार्यशालाएं तथा ईकॉमर्स द्वारा सफल एक्सपोर्ट बिजनेस स्थापित करने की जानकारी प्रदान करेंगे।

# IPL में टॉस के बाद चुन सकेंगे प्लेइंग-11, विकेटकीपर या फील्डर के गलत मूवमेंट पर पेनल्टी, बैटिंग टीम को मिलेंगे पांच रन




**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग नया सीजन 31 मार्च से शुरू हो रहा है। 10 टीमों के सीजन में इस बार कुछ नए रूल भी जुड़ रहे हैं। टीमें अब टॉस में बैटिंग या बॉलिंग का फैसला करने के बाद प्लेइंग-11 चुन सकेंगी। टॉस के बाद ही टीमों को 4 इम्पेक्ट प्लेयर भी बताने होंगे। इनके अलावा भी आईपीएल के 16वें सीजन में नियमों में बदलाव करने के साथ नए नियम भी जोड़े गए हैं। आगे स्टोरी में हम इन्हीं नियमों को समझेंगे। आईपीएल मैच में दोनों टीमों के कप्तान अब टॉस के दौरान 2 टीमें लेकर आ सकेंगे। टॉस के बाद जब उन्हें पता लगेगा कि पहले बैटिंग या बॉलिंग आई है। तब वे उसी हिसाब से प्लेइंग-11 सिलेक्ट कर सकेंगे। इससे पहले 15 सीजन तक टीमें टॉस के दौरान एक ही प्लेइंग-11 लेकर आती थीं। टॉस होने के बाद भी उन्हें उसी टीम के साथ खेलना पड़ता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। आईपीएल में इस सीजन से नए इम्पैक्ट प्लेयर का रूल भी जोड़ा जा रहा है। दोनों टीमों को टॉस होने के बाद ही 4.4 इम्पेक्ट प्लेयर भी बताने होंगे। इन्हीं 4 इम्पैक्ट प्लेयर्स में से टीमें किसी एक प्लेयर को मैच के दौरान प्लेइंग.11 में शामिल खिलाड़ी से रिप्लेस कर सकेंगी। मैच में दोनों पारियों के दौरान 14 ओवर तक इम्पैक्ट प्लेयर नियम का इस्तेमाल कर खिलाड़ी को रिप्लेस कर सकेंगे। एक टीम पूरे मैच के दौरान सिर्फ एक बार इम्पैक्ट प्लेयर का इस्तेमाल कर सकेगी। वह चाहे तो पहली पारी के 14 ओवर तक रिप्लेसमेंट ले या फिर दूसरी पारी के 14वें ओवर तक। टीमें उस खिलाड़ी को भी रिप्लेस कर सकेंगी जो मैच में बैटिंग या बॉलिंग कर चुका हो। इम्पेक्ट प्लेयर को अपने खाते के पूरे चार ओवर गेंदबाजी के लिए मिलेंगे। पारी में जितने ओवर बचेंगे वह उतने ओवर बल्लेबाजी कर पाएगा।

# मुंबई इंडियंस-यूपी वॉरियर्स में जंग आज, फाइनल में दिल्ली से भिडना चाहेंगी दोनों टीमें




**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग के पहले सीजन का पड़ाव प्लेऑफ तक पहुंच चुका है। टूर्नामेंट का एलिमिनेटर मैच शुक्रवार को मुंबई इंडियंस और यूपी वॉरियर्स के बीच है। दोनों टीमें यह मैच जीतकर फाइनल में दिल्ली से भिडना चाहेंगी। मुंबई ने इस लीग के शुरुआती पांच मुकाबले जीते थे, लेकिन आखिरी तीन में से दो मैच हारकर यह टीम सीधे फाइनल में जगह बनाने से चूक गई। वहीं यूपी ने खराब प्रदर्शन से उबरते हुए तीसरे स्थान पर रहकर प्लेऑफ में जगह बनाई। दिल्ली ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया और अंकतालिका में रहकर सीधे फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। पिछले कुछ मैचों में मुंबई का शीर्षक्रम फॉर्म में नहीं है, लेकिन कप्तान हरमनप्रीत और मुंबई के गेंदबाज कमाल कर रहे हैं। यूपी की टीम भी लय में आ चुकी है। मुंबई इंडियंस वुमन और यूपी वॉरियर्स के बीच मैच 24 मार्च यानी शुक्रवार को खेला जाएगा। मुंबई इंडियंस और यूपी वॉरियर्स के बीच मैच मुंबई के डॉ. डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जाएगा।

## अतंरराष्ट्रीय

# जैक डोर्सी की कंपनी पर फूटा हिंडनबर्ग का बम, निशाने पर ट्विटर के पूर्व सीईओ, अमरीकी बाजार में तहलका



**वाशिंगटन।** अडानी ग्रुप के बाद अब अमरीका की शार्ट सेलर फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने टेक्नोलॉजी फर्म ब्लॉक इंक पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक जैक डॉर्सी की अगवाई वाले ब्लॉक इंक ने फर्जी तरीके से अपने यूजर्स की संख्या को बढ़ा दिया। वहीं, अपनी ग्राहक अधिग्रहण लागत को कम कर दिया। बता दें कि इस खबर के बाद ब्लॉक इंक के शेयरों में बड़ी गिरावट आई है। अमरीकी बाजार में तहलका मच गया है, कंपनी के शेयर 20 फीसदी तक टूट गए हैं। सोशल मीडिया कंपनी ट्विटर के को-फाउंडर रहे जैक डोर्सी ने ब्लॉक इंक की स्थापना 2009 में की थी। यह कंपनी टेक्नोलॉजी से जुड़ी हुई है।

शॉर्ट सेलर फर्म हिंडनबर्ग ने अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित एक नोट में कहा कि हमारी दो साल की जांच ने निष्कर्ष निकाला है कि ब्लॉक ने व्यवस्थित रूप से डेमोग्राफिक्स का लाभ उठाया है जो अनुचित है। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि यह कंपनी निवेशकों को गुमराह करती रही है और तथ्यों के साथ भी खिलवाड़ किया है। आरोप है कि कंपनी के कैश ऐप के प्रोग्राम में कई कमियां हैं। बता दें कि ब्लॉक इंक 44 बिलियन डॉलर मार्केट कैप की कंपनी है। अडानी समूह पर खुलासे के ठीक दो महीने बाद हिंडनबर्ग के फाउंडर ने गुरुवार तडके सुबह ट्वीट कर नए खुलासे के बारे में बताया था। इस ट्वीट में कंपनी ने नए रिपोर्ट के आने की बात कही थी। इसमें लिखा था कि न्यू रिपोर्ट सून – अनएदर बिग वन। बता दें कि हिंडनबर्ग की अमरीका की शॉर्ट सेलर रिसर्च फर्म है। इसके फाउंडर नाथन एंडरसन हैं। बता दें कि 24 जनवरी, 2023 को हिंडनबर्ग ने अडानी समूह पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। रिपोर्ट में कहा गया था कि अडानी समूह ने शेल कंपनियों के जरिए शेयरों में हेरफेर की है। इस रिपोर्ट के बाद अडानी समूह की कंपनियों के शेयर बुरी तरह धराशायी हो गए।

# बर्ड फ्लू का कहरः मारी जाएंगी तीन लाख से ज्यादा मुर्गियां, सावधान हो जाएं चिकन के शौकीन




**टोक्यो।** बर्ड फ्लू के बढ़ते प्रकोप के चलते अब तीन लाख से ज्यादा मुर्गियों को मौत के घाट उतारा जाएगा। जानकारी के अनुसार जापान के आओमोरी प्रांत में बर्ड फ्लू के नए प्रकोप के कारण करीब तीन लाख 30 हजार मुर्गियों को मारा जाएगा।

प्रशासन ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि 23 मार्च को संबंधित संस्थानो को एक फार्म पर मृत पक्षियों की संख्या में वृद्धि के बारे में एक संदेश प्राप्त हुआ। बर्ड फ्लू वायरस की मौजूदगी की जांच के बाद 13 में से 11 पक्षियों के नतीजे पॉजिटिव पाए गए। उन्होंने बताया कि तीन लाख 30 हजार मुर्गियों को मारा जाएगा।

अधिकारियों ने फर्म के चारों ओर तीन किलोमीटर क्षेत्र के दायरे में मुर्गियों और अंडों के परिवहन के लिए अलग करना शुरु कर दिया है। इसके अलावा अधिकारी फर्म और उपकरणों को कीटाणुरहित करेंगे। आओमोरी प्रान्त में इस मौसम में बर्ड फ्लू का यह तीसरा प्रकोप है। नवीनतम प्रकोपों को ध्यान में रखते हुए जापान में इस मौसम में मारी गई मुर्गियों की संख्या एक करोड़ पचास लाख से अधिक हो गई है, जो कि देश में अब तक सबसे अधिक है। पिछले वर्ष 28 अक्तूबर से देश के 47 प्रांतों में से 25 में बर्ड फ्लू पाया गया है। इसके अलावा वायरस के कारण चिकन और अंडे की कीमत पिछले 29 वर्षों के शिखर पर है।

उत्तराखंड प्रहरी छोटी खबरें

## हिमाचल प्रदेश में सड़क दुर्घटना के बाद यातायात हुआ बाधित

**शिमला, (वार्ता)।** हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार सुबह एक ट्रक और बस की आमने-सामने की भीषण टक्कर के बाद, चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग और शिमला-कांगड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग-205 पर यातायात बाधित हो गया। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता सुदेश मोक्ता ने यूनीवार्ता को यह जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि दोनों वाहनों की आपस में टक्कर के बाद एक वॉल्वो बस सड़क पर फंस गयी, जिसके कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो घंटे तक वाहनों का आवागमन अवरुद्ध रहा। बिलासपुर जिला प्रशासन ने बताया कि दुर्घटना जिले के कल्लर तहसील सदर के पास हुई। उसने बताया कि क्रेन की मदद से वॉल्वो बस को निकालने का काम किया जा रहा है। सड़क को एकतरफा यातायात के लिए खोल दिया गया है। हादसे में जान-माल के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है।

## गुरदासपुर में पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा फैके गए हथियार बरामद

**गुरदासपुर(वार्ता)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के गुरदासपुर सैक्टर में मेटला इलाके से पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा फैके गए हथियारों की खेप बरामद की है। बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने शुक्रवार को



यहां बताया कि सीमा पर तैनात जवानों ने मध्य रात्रि करीब दो बजकर 28 मिनट पर पाकिस्तान की ओर से एक ड्रोन को भारतीय सीमा में प्रवेश करते हुए देखा गया। उन्होंने बताया कि जवानों ने ड्रोन पर गोलीबारी की जिससे वह वापस पाकिस्तान की ओर भाग गया। इलाके की तलाशी पर सुरक्षा बल के जवानों को मेटला गांव से पांच पिस्तौल, दस मैग्जीन और 91 कारतूस बरामद हुए।

## कुरुक्षेत्र में अमृतपाल को शरण देने के आरोप में महिला गिरफ्तार



**चंडीगढ़, (वार्ता)।** पंजाब से भागे खालिस्तान समर्थक अमृतपाल को पड़ोसी हरियाणा के कुरुक्षेत्र में शरण देने के आरोप में एक महिला को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी, मुख्यालय) सुखचैन सिंह गिल ने आज शाम यहां प्रेसवार्ता में बताया कि अमृतपाल, जो शनिवार (18 मार्च को) पुलिस की गिरफ्त में आने से बच गया था, 19 मार्च की रात कुरुक्षेत्र पहुंचा था। उन्होंने बताया कि अमृतपाल के फरार होने के रूट को ट्रैक किया गया है और कई जगहों पर सीसीटीवी फुटेज मिले हैं। उन्होंने बताया कि शेखोवाल गांव के गुरुद्वारे के आसपास भी उसे देखा गया था। वहां से उसने बाइक बदली थी, फिर नदी पार करने के लिए पहले बेड़ी लेने की कोशिश की गई, फिर वहां पुराना एक ब्रिज है, उसे पार किया और आटो लिया। पुलिस के अनुसार उसके बाद अमृतपाल को कुरुक्षेत्र में देखा गया। पुलिस हिरासत में लिये गये आरोपी गुरप्रीत भेजा ने भी बताया कि वह कुरुक्षेत्र में एक औरत के यहां शरण ले सकता है। पुलिस ने हरियाणा पुलिस की मदद से वहां से महिला बलजीत कौर को हिरासत में लिया गया है। बलजीत कौर से पूछताछ में पता चला है कि 19 मार्च की रात पपलप्रीत और अमृतपाल उनके यहां रुके थे। दूसरे दिन वहां से सुबह निकल गये।

# राहुल गांधी की सजा पर संग्राम; कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर बोला हमला, भाजपा का पलटवार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को मानहानि के एक मामले में दो साल जेल की सजा सुनाए जाने के बाद सियासी संग्राम शुरू हो गया है। कांग्रेस ने जहां केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है, वहीं भाजपा ने भी पलटवार कर करारा जवाब दिया है। राहुल गांधी को सजा सुनाए जाने के बाद प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खडग़े, अरविंद केजरीवाल, भूपेश बघेल, हेमंत सोरेन, अशोक गहलोत समेत अन्य नेताओं ने बीजेपी और केंद्र सरकार पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। वहीं बीजेपी के शीर्ष नेताओं ने पलटवार किया और मर्यादा में रहकर बयान देने की नसीहत दी। इसी बीच कांग्रेस ने कहा है कि पार्टी नेता राहुल गांधी को लेकर निचली अदालत का फैसला सही नहीं है और कानूनी तरीके से इसमें गलतियां हैं, इसलिए इसे उच्च अदालत में चुनौती दी जाएगी। कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि श्री गांधी के मामले में निचली अदालत का फैसला अनुचित है। यह गलत निर्णय है और कानूनी तरीके से इसका समर्थन नहीं किया जा सकता है।



उनका कहना था कि कांग्रेस को विश्वास है कि गलत तरीके से आए इस मामले में सही निर्णय सामने आएगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने भी राहुल गांधी को सजा सुनाए जाने पर बीजेपी पर साजिश करने का आरोप लगाया। केजरीवाल ने ट्विटर पर लिखा कि गैर बीजेपी नेताओं और पार्टियों पर मुकदमे करके उन्हें खत्म करने की साजिश हो रही है। हमारे कांग्रेस से मतभेद हैं, मगर राहुल गांधी को इस तरह मानहानि मुकदमे में फंसाना ठीक नहीं। जनता और विपक्ष का काम है सवाल पूछना। हम अदालत का सम्मान करते हैं, पर इस निर्णय से असहमत हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने अपने ट्विटर पर लिखा कि कहां आसान होता है न्याय के लिए लड़ना। हमारे पौराणिक ग्रंथ अन्याय पर न्याय की जीत का संदेश हैं, वही जीवनमार्ग है। देश की आजादी का संघर्ष भी उसी जीवनमार्ग से गुजरा है। आदरणीय राहुल गांधी का जीवनमार्ग भी वही है। तानाशाह सामने हैं तो क्या? जो वंचित हैं वे सब तो साथ हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री सीएम हेमंत सोरेन ने राहुल गांधी के खिलाफ सुनाए गए मामले पर कहा कि गैर-बीजेपी सरकारों, नेताओं को साजिश का शिकार बनाया जा रहा है।

अशोक गहलोत ने राहुल को बताया सत्य और अहिंसा का सिपाही राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राहुल गांधी को सत्य एवं अहिंसा का सिपाही बताया। गहलोत ने कहा कि राहुल गांधी सत्य एवं अहिंसा के सिपाही हैं।

## सलाहकार बदल लें अखिलेश: निषाद

**बलिया (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के मत्स्य मंत्री एवं निषाद पार्टी अध्यक्ष डॉ संजय निषाद ने गुरुवार को समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव को अपना सलाहकार बदलने की नसीहत दी है।

जिला मुख्यालय स्थित बापू भवन टाऊन हॉल में आयोजित पार्टी के एक



कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से बातचीत में श्री निषाद ने कहा " अखिलेश यादव को अपना सलाहकार बदल देना चाहिए। सलाहकार के गलत सलाह के कारण वह 2014 से ही पिछड़ते जा रहे हैं।"

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के उनकी जान पर खतरा बताने के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा "हाथी, साइकिल व पंजा सत्ता से दूर हो गए। इस कारण उन्हें जान का खतरा तो रहेगा। अखिलेश यादव को सबसे ज्यादा सुरक्षा मिली है। मुझे भी खतरा है। बड़ा काम करने निकले हैं तो खतरा तो रहेगा। खतरा के कारण ही सुरक्षा मिली है।"निषाद से पूछा गया कि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी जान के खतरे की आशंका जतायी है, निषाद ने कहा कि राजनीति में कद जब बड़ा होता है तो निश्चित रूप से राजनैतिक दुश्मनी होती है। उन्होने आरोप लगाया कि निषाद समाज के नेताओं को पूर्ववर्ती सरकार में मार दिया गया। समाज के फूलन देवी समेत अनेक नेताओं की हत्या करा दिया गया। हम जब सत्ता में मजबूत स्थिति में होंगे, इसकी जांच होगी। उन्होंने आरोप लगाया है कि फूलन देवी की हत्या के बाद उनकी संपत्ति पर सपा के एक विधायक ने कब्जा कर लिया है।

## नड्डा 26 को मध्यप्रदेश में, पार्टी के बूथ प्रमुखों को करेंगे संबोधित



**भोपाल, (वार्ता)।** भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा आगामी 26 मार्च को मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में पार्टी की आधारभूत इकाई माने जाने वाले बूथों के प्रमुखों को संबोधित करेंगे। प्रदेश में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों के पूर्व पार्टी अध्यक्ष का ये दौरा कई लिहाज से अहम माना जा रहा है। इसी क्रम में श्री नड्डा 26 मार्च को भोपाल और नर्मदापुरम संभाग के बूथ अध्यक्षों को संबोधित करेंगे। पार्टी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार श्री नड्डा पार्टी की प्रदेश इकाई के कार्यालय का भूमिपूजन करेंगे। वे यहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम 'मन की बात' को भी सुनेंगे। इसके अलावा वे प्रबुद्धजन सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे। नड्डा के दौरे के पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि श्री नड्डा भोपाल में पार्टी के नए कार्यालय का भूमिपूजन करेंगे और बूथ प्रमुखों को संबोधित करेंगे।


# एशियन हॉकी फेडरेशन के उपाध्यक्ष चुने गए भोलानाथ सिंह, बिगन सोय एशियन हॉकी फेडरेशन के एडवाइजरी समिति की सदस्य बनी

**रांची, (वार्ता)।** दक्षिण कोरिया गणराज्य के मुंगयोंग शहर में एशिया हॉकी महासंघ की कांग्रेस सह चुनाव में हॉकी इंडिया की ओर से हॉकी झारखंड के अध्यक्ष सह हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने एशियन हॉकी महासंघ के इस चुनाव में उपाध्यक्ष के पद पर नामांकन किया जिसमें वे निर्विरोध निर्वाचित हुए।




झारखंड के इतिहास में यह पहला अवसर होगा कि राज्य के किसी खेल संघ के अध्यक्ष या सदस्य को विश्व के किसी महादेश के खेल संघ के उपाध्यक्ष बनाया गया हो। हॉकी झारखंड के उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने आज यहां बताया कि भोलानाथ सिंह को पुरे एशिया महाद्वीप के उभरता हुआ खेल प्रशासक एशिया महादेश अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। भोलानाथ सिंह को यह अवार्ड से विश्व हॉकी महासंघ के अध्यक्ष तैय्यब इकराम एवं एशियन हॉकी महासंघ के अध्यक्ष फुमिओ ओगुरा ने मोमेंटो दे कर सम्मानित किया। भोलानाथ सिंह को यह अवार्ड मिलने पर ए एफ एच के कांग्रेस में शामिल हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरण, हॉकी इंडिया के एक्सक्यूटिव डायरेक्टर आर के श्रीवास्तव, एवम हॉकी इंडिया के अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि विश्व खेल के दो दिग्गज अगर एक साथ आकर इन्हें यह सम्मान से सम्मानित कर रहे हैं यह हमलोगों के लिए बहुत बडा सम्मान है।

# टी-सीरीज़ ने कॉलेज ऑडियो-सीरीज़ 'किस्से और कहानी' की घोषणा की




टी-सीरीज़ ने केपीजे द्वारा लिखित और नरेट की गई अपनी पहली कहानी 'कॉलेज का पहला दिन' के साथ अपनी ऑडियो-सीरीज़ 'किस्से और कहानी' की घोषणा की है। संगीत क्षेत्र और फिल्म निर्माण के क्षेत्र में अपनी धाक जमाने के बाद, टी-सीरीज़ ने अब अपनी ऑडियो-सीरीज़ 'किसी और कहानी' की घोषणा की है ।सीरीज़ की एक नई कहानी हर शुक्रवार को टी-सीरीज़ के यूट्यूब चैनल और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर लॉन्च की जाएगी और श्रोताओं को हमारे दैनिक जीवन से जुड़ी कहानियों के माध्यम से ले जाएगी ।किस्से और कहानी सीरीज की पहली कहानी जिसका नाम कॉलेज का पहला दिन₹ है जिसे क्रांति प्रकाश झा ने लिखा और नरेट किया है। क्रांति प्रकाश झा ने कहा, किस्से और कहानी' जैसी ऑडियो-सीरीज कुछ ऐसी है जिसे लोग अपनी सुविधानुसार सुन सकते हैं और छोटी कहानियों का जादू और सुंदरता वापस लाते हैं। मैं इस यात्रा को शुरू करने और 'कॉलेज का पहला दिन' पर टी-सीरीज़ के साथ सहयोग करने को लेकर खुश हूं, जिसने मेरे कॉलेज के दिनों की यादों को ताजा कर दिया।" टी-सीरीज़ की ऑडियो-सीरीज़ किस्से और कहानी' की कहानी 'कॉलेज का पहला दिन' अब टी-सीरीज़ के यूट्यूब चैनल और ऑडियो-स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

## धर्मेंद्र कार्तिक आर्यन के फैन हुए



बॉलीवुड फिल्म अभिनेता कार्तिक आर्यन इस समय भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सुपरस्टारों में से एक हैं। हाल ही में बॉलीवुड हीमैन धर्मेंद्र ने कार्तिक जमकर तारीफ की और उन्होंने अपने आप को कार्तिक का फैन बताया। दर्शकों के बीच अभिनेता कार्तिक की बड़ी फैन फॉलोइंग है, लेकिन फिल्म बिरादरी के बीच भी उन्हें उतना ही प्यार और सराहना मिलती है। हाल ही में धर्मेंद्र ने कार्तिक की ईमानदारी और मासूमियत की तारीफ की थी। धर्मेंद्र ने एक बयान में कहा, "वास्तविक जीवन के किरदारों की तुलना में लार्जर दैन लाइफ किरदार निभाना कहीं ज्यादा आसान है। वह एक मेहनती, ईमानदार युवक है। उसका चेहरा मासूम है और अपनी कला के प्रति उसकी ईमानदारी पूरी तरह से दिखाई देती है। मेरे प्रशंसक भी मुझे उसी गुणों के लिए पसंद करते हैं।" फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' में कार्तिक का किरदार एक मजदूर वर्ग के व्यक्ति का है, जो अपने कपड़ों और तौर-तरीकों से आम आदमी की भावना और दृढ़ संकल्प को दिखाता है। कार्तिक की आने वाली फिल्मों में आशिकी-3 और कबीर खान हैं।




## 'भोला' का गाना दिल है भोला रिलीज

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म भोला का नया गाना 'दिल है भोला' रिलीज हो गया है। अजय देवगन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म भोला को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म भोला का नया गाना 'दिल है भोला ' रिलीज कर दिया गया है। गाना दिल है भोला को अमित मिश्रा ने गाया है और इरशाद कामिल ने बोल लिखे हैं, जबकि गाने को रवि बसरूर ने तैयार किया है। अजय देवगन की फिल्म 'भोला' दक्षिण भारतीय फिल्म कैथी की हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में अजय के अलावा तब्बू, गजराज राव, दीपक डोबरियाल जैसे सितारे नजर आएंगे। भोला का निर्देशन भी अजय देवगन ने किया है। यह फिल्म 30 मार्च 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।





# लंदन में 25वें यूके एशियन फिल्म महोत्सव में होगा 'भगवान भरोसे' का वर्ल्ड प्रीमियर

पुरस्कार विजेता निर्माता शिलादित्य बोरा के निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'भगवान भरोसे' का वर्ल्ड प्रीमियर प्रतिष्ठित यूके एशियन फिल्म महोत्सव में होगा। यह फिल्म 13 मई को उत्तर पश्चिम लंदन के ऐतिहासिक किल्न थिएटर में महोत्सव के समापन समारोह पर प्रदर्शित की जाएगी। इस फिल्म का सह-निर्माण श्रीलंकाई फिल्मकार प्रसन्ना विथांगे, प्लाटून वन फिल्म्स (शिलादित्य बोरा, शिल्पी अग्रवाल), लाइटहाउस इनोवेंचर्स और श्री सत्य साईं आर्ट्स ने किया है। यह हिंदी फिल्म सुधाकर नीलमणि की कहानी पर आधारित है। फिल्म का गीत संजीव शर्मा ने लिखा है जबकि संगीत प्रसिद्ध रॉक बैंड 'इंडियन ओशन' का है।

यह फिल्म दो अतिसंवेदनशील बच्चों की कहानी है, जो नब्बे के दशक में भारत में भगवान और धर्म की अपनी समझ के साथ संघर्ष करते हैं। यह फिल्म दर्शकों को भावनात्मक रूप से बांधकर रहती है जिसमें वे बच्चे अपने परिवार को अपना विश्वास बनाए रखने के लिए चुनौतियों का सामना करते हुए देखते हैं।

सतेंद्र सोनी और स्पर्श सुमन ने दोनों बच्चों की भूमिका निभायी है। इनके अलावा फिल्म में विनय पाठक, मासूमी मखीजा, मनुऋषि चड्ढा, श्रीकांत वर्मा, सावन टैंक और कृष्णा सिंह बिष्ट ने भी अभिनय किया है।




श्री शिलादित्य ने वर्ल्ड प्रीमियर पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि "मैं धन्य महसूस कर रहा हूं कि एक लंबे समय से देखा गया सपना भावुक और मेहनती समूह के माध्यम से संभव हो रहा है। मैं दर्शकों को कहानी और हमारे प्रतिभाशाली कलाकारों का अविश्वसनीय प्रदर्शन देखने के लिए और इंतजार नहीं करा सकता। हम प्रतिष्ठित यूके एशियन फिल्म महोत्सव के रजत जयंती के अवसर पर अपनी यात्रा शुरू करने के लिए रोमांचित हैं और आशा करते हैं कि बहुत जल्द इसे भारत में प्रदर्शित किया जाएगा।"

अभिनेता विनय पाठक ने कहा कि ₹भगवान भरोसे बहुत ही प्यारी और विशिष्ट कहानी है और मैं शिलादित्य के निर्देशन में बनी पहली फिल्म में काम करके भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। यह सुखद खबर उनकी लंबी और शानदार सिनेमा यात्रा की एक शुरुआत हो सकती है।₹

यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल लंदन को अभूतपूर्व फिल्मों का प्रदर्शित करने के लिए जाना जाता है, जो सीमाओं की बाधा पार करते हैं और दर्शकों को चुनौती देते हैं। इस समारोह को गैर-लाभकारी संगठन टंग्स ऑन फायर द्वारा आयोजित किया जाता है जिसे बीएफआई और आर्ट्स काउंसिल इंग्लैंड द्वारा समर्थन प्राप्त है।

निर्माताओं को विश्वास है कि इस महोत्सव की रजत जयंती उनकी फिल्म के लिए सही लॉन्चपैड है, जो समकालीन भारतीय समाज में आस्था और विश्वास की जटिलताओं पर एक अनूठा दृष्टिकोण प्रदान करेगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक/संपादक- विकास गर्ग ने भगवती प्रिंटिंग प्रेस, इंडस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार उत्तराखंड से मुद्रित करवाकर 54 आवास विकास, विवेक विहार, रानीपुर मोड़, हरिद्वार उत्तराखंड से प्रकाशित किया।
प्रकाशक / संपादक : विकास गर्ग- फोन : 9897766448, : मुख्य संपादक / सुमित तिवारी- फोन : 8077771906 : Email : uttarakhandprahari19@Gmail.com